# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

*प्रेसनोट दिनांक 10.10.2025*

**इटावा पुलिस द्वारा अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अनुमानित कीमत लगभग 1,15,000/- रू0 की आतिशवाजी/पटाखे बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना ऊसराहार पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराने की शासन की मंशानुरुप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा आज दिनांक 10.10.25 को **01 अभियुक्त विमल उर्फ बन्टी पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ में अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 15 हजार रूपये सहित कस्बा ऊसराहार से गिरफ्तार किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1. विमल उर्फ बन्टी पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता नि0 कस्वा ऊसराहार जनपद इटावा **उम्र करीब 24 वर्ष।**

**पुलिस पूछताछ-**

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से नाम पता पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं व मेरा साथी ने आतिशवाजी/पटाखा का भंडारण किया था जिसको बेचकर लाभ कमाना चाहते थे।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 224/2025 धारा 9(ख) विस्फोट अधिनियम 1884 थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

**बरामदगी-**

1. 05 कार्टून
2. 04 बोरी प्लास्टिक

**27 प्रकार के ब्रांड की आतिशवाजी बरामद, कीमत लगभग 1,15,000/- रु0**

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष ऊसराहार श्री बलराज सिंह भाटी, उ0नि0 तरूण प्रताप सिंह, उ0नि0 हाकिम सिंह, का0 महबूब खान, म0का0 मनीषा मौर्या।